Title : Need to set up a hydro-electric project on Konar Dam in Bokaro, Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): झारखण्ड में जल विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्ताव 1990 से लम्बित है। बोकारो जिला के गोमियां प्रखण्ड में जल विद्युत परियोजना के लिए स्थल का चुनाव काणार डैम में किया गया है, परन्तु सरकार एवं दामोदर घाटी निगम के द्वारा इस संबंध में प्रभावी कदम नहीं उठाये जाने के कारण झारखण्ड में विद्युत उत्पादन क्षमता बाधित है। झारखण्ड में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत गांवों में पर्याप्त बिजली उपलब्ध नही कराई जा रही है जिसके कारण विद्युतीकरण के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की जा रही है।

अतः सरकार से आग्रह है कि कोणार डैम में जल विद्युत परियोजना को शीघ्र स्थापित करने हेतु प्रभावी कदम उठाया जाये और ग्रामीण विद्युतीकरण योजना की समीक्षा कर विद्युतीकरण योजना की गुणवत्ता में अनियमितताएं बरतने वाले अभिकरणों के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाये।